जन्मदिन मंजू बाईसा का आ गया

तर्ज - छोटे छोटे भाइयों के बड़े

जन्मदिन मंजू बाईसा का आ गया,
बाबोसा परिवार में आनंद छा गया,
जन्मदिन भक्तो के मन भा गया,
पावन प्रसंग आज द्वारे आ गया॥

फाल्गुन सुदी दूज का,
शुभ दिन आँगन आया है,
जन्मदिवस प्यारे बाईसा का,
मन सबका हर्षाया है,
खुशियों का शमा ये करीब आ गया,
बाबोसा परिवार में आनंद छा गया,
जन्मदिन भक्तो के मन भा गया,
पावन प्रसंग आज द्वारे आ गया॥

बाईसा ने जहाँ जन्म लिया,
वो राजस्थान में फतहपुर,
उस घन्य धरा को करो नमन,
जहाँ धर्म ध्यान है सुख भरपूर,
सबकी जुबा पे जिसका नाम आ गया,
बाबोसा परिवार में आनंद छा गया,
जन्मदिन भक्तो के मन भा गया,
पावन प्रसंग आज द्वारे आ गया॥

जन्मदिवस की बधाइय्या,
दिल से दे रहे सब मिलकर,
जिये हजारों साल बाईसा,
यही आरजू है "दिलबर"
नागेश के सुरों से ये गीत सज गया,
बाबोसा परिवार में आनंद छा गया,
जन्मदिन भक्तो के मन भा गया,
पावन प्रसंग आज द्वारे आ गया॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26318/title/janamdin-manju-baisaa-ka-aa-gaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |